## महानिदेशक, सेमी-कंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) के पद को भरने हेतु विज्ञापन

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) महानिदेशक, सेमी-कंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) के पद को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है ।

सेमी-कंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान है, जो चंडीगढ़ के निकट एसएएस नगर में स्थित है, यह संस्थान बहुत बड़े पैमाने पर एकीकृत (वीएलएसआई) उपकरणों के डिजाइन एवं विकास तथा दूरसंचार और अंतरिक्ष क्षेत्रों के लिए प्रणालियों के विकास का कार्य करता है। एससीएल में 0.8 माइक्रोन रेंज में माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और माइक्रो इलेक्ट्रो मैकेनिकल प्रणालियों (एमईएमएस) के निर्माण की सुविधाएं उपलब्ध हैं। सीएमओएस फेब्रिकेशन फाउंड्री और संबंधित सुविधाओं एवं उपयोगिताओं को 0.18 माइक्रोन से अत्याधुनिक स्तर तक उन्नत करना एससीएल में चल रही प्रमुख परियोजनाएं हैं।

महानिदेशक, एससीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी होते हैं और उनके पास प्रबंधन परिषद एवं प्रबंधन सोसायटी के निर्णयों को लागू करने, सोसायटी के सुचारु प्रबंधन हेतु रणनीतियां और योजनाएं बनाने के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकार होते हैं। सेमी-कंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) के महानिदेशक पद का वेतनमान पे मैट्रिक्स के लेवल-15 में (₹1,82,200 – ₹2,24,100/-) है और इसे सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरा जाना प्रस्तावित है। इस पद का प्रारंभिक कार्यकाल 3 वर्ष का है, जिसे अधिकतम 5 वर्ष तक या सेवानिवृत्ति की आयु तक (जो भी पहले हो) बढ़ाया जा सकता है।

**<u>1 पात्रता मानदंड: -</u>**

**<u>अ. सीधी भर्ती के लिए</u>**
**I. शैक्षिक योग्यता:**

**(क) अनिवार्य योग्यता**:

i. इलेक्ट्रॉनिक्स/अप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स/माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स/सेमीकंडक्टर फिजिक्स/अप्लाइड फिजिक्स/मटेरियल साइंस/मेटलर्जी/केमिकल साइंस/इंजीनियरिंग फिजिक्स/वीएलएसआई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री या एम.एससी।

**या**

ii. उपर्युक्त (i) में उल्लिखित क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी/इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर डिग्री।

**या**

iii. उपर्युक्त (i) में उल्लिखित किसी भी क्षेत्र में पीएच.डी।

(ख) **वांछनीय:** एचआर/औद्योगिक प्रबंधन/विपणन में एमबीए या स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

**II. अनुभव:**

i. यदि उम्मीदवार के पास खंड ।(क)(i) में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता है, तो माइक्रोइलेक्ट्रॉनिकी के क्षेत्र में और/या उच्च विश्वसनीयता वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/प्रणालियों के विकास तथा/या सेमीकंडक्टर उपकरणों के डिजाइन/विकास/उत्पादन में शैक्षणिक योग्यता के पश्चात 25 वर्ष का अनुभव ।

ii. यदि उम्मीदवार के पास खंड I(क)(ii) में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता है, तो ऊपर II(i) में उल्लिखित क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यता के पश्चात 22 वर्ष का अनुभव ।

iii. यदि उम्मीदवार के पास खंड I(क)(iii) में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता है, तो ऊपर II(i) में उल्लिखित क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यता के पश्चात 17 वर्ष का अनुभव ।

iv. उम्मीदवार का वरिष्ठ प्रबंधन क्षमता में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव ।

**ख. <u>प्रतिनियुक्ति हेतु: -</u>**

प्रतिनियुक्ति पर भर्ती के मामले में, केंद्र सरकार या राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकायों के अधिकारी : -

क. जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हों;

**या**

वेतन मैट्रिक्स (1,44,200 -2,18,200 रूपए) में लेवल 14 के वेतनमान में 3 वर्ष की नियमित सेवा के साथ;

**तथा**

ख. सीधी भर्ती के लिए निर्धारित योग्यताएं और अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी।

**नोट 1:** इस नियुक्ति से ठीक पहले, केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में किसी अन्य 'संवर्ग बाह्य' पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि, सामान्यतः पाँच वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**नोट 2:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**<u>आयु सीमा</u> :**

(**आवेदन की अंतिम तिथि पर)**

(i) **सीधी भर्ती के लिए** : **50 वर्ष**
(ii) **प्रतिनियुक्ति : 58 वर्ष**

1. **नोट 1:** सरकारी कर्मचारियों को दी जाने वाली आयु सीमा में छूट समय-समय पर जारी कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग(डीओपीटी) के निर्देशों के अनुसार शासित होगी ।

2. **<u>नोट-2:</u>** इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त निकायों के सेवारत कर्मचारियों को सीधी भर्ती में आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट ।

3. **नोट 3:** आयु सीमा निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि भारत में उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी (और न कि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिला और पंगी उप-विभाग चंबा जिला, अंडमान निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र या लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए अंतिम निर्धारित तिथि)।

**3. कार्यकाल:**

इस पद का प्रारंभिक कार्यकाल 3 वर्ष का है, जिसे अधिकतम 5 वर्ष तक या सेवानिवृत्ति की आयु, जो भी पहले हो तक बढ़ाया जा सकता है।

## 4. सामान्य बातें:

(i) आवेदन,सभी मामलों में पूर्ण, योग्यता, अनुभव, जन्म तिथि आदि से संबंधित प्रमाण पत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियों के साथ निर्धारित प्रोफार्मा में अंतिम तिथि तक या उससे पहले पहुंच जाना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए **रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिनों के बाद आने वाला अगला दिन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी।** इसके अलावा, आवेदन वाले लिफाफे के ऊपर **"महानिदेशक, एससीएल के पद हेतु आवेदन"** का उल्लेख किया जाना चाहिए और निदेशक (एबीसी प्रभाग), इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 के नाम भेजा जाना चाहिए।

(ii) असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिला और पंगी उप-विभाग चंबा जिला, संघ राज्य क्षेत्र अंडमान निकोबार द्वीप समूह या संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप के आवेदकों के लिए अंतिम तिथि **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि से 15 दिन बाद तक** होगी**।**

(iii) सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत व्यक्तियों को पिछले पाँच वर्षों की वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट (एपीएआर) की प्रतियाँ, जो अवर सचिव या समकक्ष पद के किसी अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हों, और सतर्कता/अनुशासनात्मक अनापत्ति के साथ अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना आवश्यक है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा को भी प्रमाण पत्र के साथ प्रमाणित किया जाए कि कहीं उस पर कोई छोटा/बड़ी शास्ति तो अधिरोपित नहीं की गई है। इस संबंध में आवेदन प्रपत्र के भाग-II को संबंधित प्राधिकारी द्वारा भरा जाना चाहिए। प्रायोजक/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा अग्रेषित न किया गया आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(iv) सीनियर मैनेजमेंट की क्षमता, केंद्र/राज्य सरकार/PSU/स्वायत्त निकाय में लेवल 13 और उससे ऊपर के पद के बराबर होनी चाहिए। प्राइवेट कैंडिडेट के मामले में, पद किसी संगठन के 'बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर' के बराबर होना चाहिए, जिसमें कर्मचारियों की संख्या/वित्तीय टर्नओवर उसी संगठन के समान हो जिसके लिए भर्ती की जा रही है।

(v) आवेदन की एक अग्रिम प्रति भी आवेदक द्वारा इस मंत्रालय को भेजी जानी चाहिए।

(vi) सीधी भर्ती के माध्यम से महानिदेशक पद के लिए किसी उम्मीदवार का चयन होने की स्थिति में, उसे इस पद पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व अपने वर्तमान पद से त्यागपत्र देना होगा।

**नोट:**

1. ऐसे आवेदन जो विज्ञापन में बताई गई न्यूनतम आवश्यकता के अनुरूप और वचनपत्र सहित उचित प्रोफार्मा के अनुरूप भी नहीं होंगे, अस्वीकृत कर दिए जाएंगे ।
2. केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को निजी परस्पर संवाद के लिए बुलाया जाएगा। सिर्फ विज्ञापन में निर्धारित आवश्यकताओं की पूर्ति, उम्मीदवार को निजी परस्पर संवाद के लिए बुलाए जाने की अर्हता प्रदान नहीं करती है।

उम्मीदवार इस विज्ञापन के संबंध में आवेदन प्रपत्र और अन्य विवरणों के लिए निम्नलिखित वेबसाइटों का सन्दर्भ ले सकते हैं:

www.meity.gov.in ; www.scl.gov.in; www.persmin.gov.in और www.ncs.gov.in

**महानिदेशक, सेमी-कंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) के पद के लिए आवेदन**

**<u>भाग – I</u>**

**पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं**

**<u>आवेदन के लिए प्रोफार्मा</u>**

**(कृपया *प्रासंगिक विकल्प चिह्नित करें*)**

भर्ती के पद्धति के लिए प्राथमिकता: सीधी भर्ती ☐
प्रतिनियुक्ति ☐

1. पूरा नाम :
(बड़े अक्षरों में)

2. पिता का नाम :

3. लिंग (पुरुष/महिला) :

4. राष्ट्रीयता :

5. जन्म तिथि :
(*जन्म तिथि का प्रमाण संलग्न होना चाहिए*)

6. आयु : ___वर्ष_____माह_____दिन
(*आवेदन की अंतिम तिथि* तक )

7. सेवानिवृत्ति की तिथि :

8. वैवाहिक स्थिति :

9. पत्राचार के लिए पता (पिन कोड के साथ) :
(*टेलीफोन न., मोबाइल नंबर और ई-मेल*)

10. स्थायी पता :

11. शैक्षणिक और व्यावसायिक अर्हताएं :
**(स्नातक से प्रारंभ करते हुए)**

| **संस्थान/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम** | **प्रमाण पत्र/डिग्री में दर्शाई गई उत्तीर्ण होने की तिथि (जो भी पहले हो) (दिन/माह/वर्ष)** | **परीक्षा/ डिग्री** | **कुल अंकों का प्रतिशत और श्रेणी** | **योग्यता-पश्चात अनुभव** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

12. शिक्षा करियर में अंतराल के कारण, यदि कोई हों, निर्दिष्ट करें।

13. विशेषज्ञता का क्षेत्र :

कालानुक्रमिक क्रम में रोजगार इतिहास (अवरोही क्रम, वर्तमान नौकरी से शुरू) और अनुभव:
(यदि *आवश्यक हो, तो निम्नलिखित प्रारूप में अलग शीट संलग्न करें*)

| नियोक्ता/ संगठन/ संस्था का नाम और पता | सेवा की अवधि | | धारित पद का पदनाम | वेतन मैट्रिक्स में स्तर (सरकारी नौकरी वाले उम्मीदवारों के लिए)/ सकल मासिक परिलब्धियां (प्राइवेट नौकरी वाले उम्मीदवारों के लिए) | कार्य का विस्तृत विवरण | प्रत्येक पद छोड़ने के कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रारम्भ तिथि दिन/महीना/वर्ष | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**नोट**: सेवा में व्यवधान /अंतराल को भी कालानुक्रमिक रूप से इंगित किया जाए, यदि कोई हो।

15 एससीएल के मुख्य कार्यक्षेत्र में अनुभव के हर साल का विवरण

16. वर्तमान रोजगार का विवरण :-

i) धारित पदनाम :

ii) पद का वेतनमान (वेतन मैट्रिक्स में स्तर):

iii) वर्तमान में आहरित प्रति माह कुल परिलाब्धियां :
(ब्रेक-अप के साथ - मूल वेतन, एचआरए, डीए, टीए आदि)

iv) क्या वर्तमान पद नियमित / कार्यकाल /
प्रतिनियुक्ति या तदर्थ आधार पर है और कब से है:

V) यदि प्रतिनियुक्ति पर है, तो पद का विवरण:
नियमित आधार / वेतनमान और कब से:

vi) संगठन का नाम पूरे पते के साथ
संपर्क व्यक्ति का नाम और पदनाम
और टेलीफोन और ई मेल आईडी :

vii) संगठन की श्रेणी (कृपया उपयुक्त पर टिक करें):-

क) सरकार/राज्य सरकार
ख) पीएसयू/स्वायत्त निकाय
ग) निजी

17. व्यावसायिक प्रशिक्षण:

| संगठन | प्रशिक्षण का विवरण | अवधि | |
|---|---|---|---|
| | | से | तक |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

18 वरिष्ठ प्रबंधन क्षमता में अनुभव –

i. केंद्र सरकार/राज्य सरकार/पीएसयू/एबी के लिए

(क) वेतन का वर्तमान स्तर और कार्यभार ग्रहण करने/ वर्तमान वेतन स्तर पर पदभार ग्रहण करने की तिथि बताएं :

(ख) यह उल्लेख करें कि क्या अभ्यर्थी किसी सरकारी संगठन/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या उसकी इकाई/इकाइयों अथवा किसी प्रमुख प्रभाग या प्रमुख परियोजना का प्रमुख है।
(आवश्यक होने पर अलग से विवरण-पत्र संलग्न किया जा सकता है।)

ii. निजी उम्मीदवार के लिए:

क) क्या वर्तमान पद संगठन के निदेशक मंडल के समकक्ष है? (हाँ/नहीं) :

ख) संगठन की जनशक्ति :
(पिछले तीन वर्षों की)

ग) संगठन का वित्तीय कारोबार :
(पिछले तीन वर्षों का)

19 प्रतिष्ठित संगठनों/संस्थानों से प्राप्त अंतरराष्ट्रीय और/या राष्ट्रीय सम्मान/पुरस्कार/उपलब्धियां:

i. सम्मान:

| सम्मानों का विवरण | संगठन/संस्थान का नाम | राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

ii. पुरस्कार:

| पुरस्कारों का विवरण | संगठन/संस्थान का नाम | राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

iii. उपलब्धियां:

| उपलब्धियों का विवरण | संगठन/संस्थान का नाम | राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

20 प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक पत्र और राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक पत्र:
(*पुनर्मुद्रण का एक सेट उपलब्ध कराया जाए, यदि उपलब्ध है)*

| प्रकाशित वैज्ञानिक पत्र का विवरण | राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय<br>(कृपया इंगित करें) |
|---|---|
| | |
| | |

21 प्रौद्योगिकीय विकास अथवा लाइसेंस एवं/या व्यावसायीकरण के लिए प्रदान किए गए पेटेंट/कॉपीराइट/ट्रेडमार्क/बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर): -

| विवरण | पेटेंट/कॉपीराइट/ट्रेडमार्क/ आईपीआर (कृपया इंगित करें) | क्या यह प्रौद्योगिकीय विकास अथवा लाइसेंस एवं/या व्यावसायीकरण के लिए है (कृपया इंगित करें)। |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

22 करियर में उपलब्धियां जो आपकी उम्मीदवारी में सहायक हो सकती हैं:

23 एक विजन स्टेटमेंट जिसमें यह बताया जाए कि आप एससीएल को उसके महानिदेशक के रूप में आगे कैसे ले जाना चाहते हैं:

24 कोई अन्य जानकारी:

**नोट: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ऊपर दी गई अपनी समस्त जानकारी की पुष्टि हेतु दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियां संलग्न करें।**

**घोषणा:** मैं एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी कथन मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं। कुछ भी गलत या छुपाया/विकृत नहीं किया गया है। यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि मैंने किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाया/विकृत किया है, तो मेरी नियुक्ति बिना सूचना के पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी ।

स्थान: _______________ हस्ताक्षर: _______________

**दिनांक**: _________________ आवेदक का नाम: _______________

ई-मेल आईडी: __________________________

दूरभाष नंबर: ___________________________

मोबाइल नंबर: _________________________

**भाग – II**

(केवल सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों में वर्तमान में कार्यरत उम्मीदवारों के मामले में सक्षम प्राधिकारी द्वारा भरा जाना है)

**यह प्रमाणित किया जाता है कि:**

i. अधिकारी द्वारा ऊपर दी गई जानकारी सत्यापित की गई है और सही पाई गई है।

ii. उपर्युक्त अधिकारी के विरुद्ध कोई भी सतर्कता / अनुशासनात्मक कार्यवाही न तो लंबित है और न ही विचाराधीन है।

iii. अधिकारी की पिछले 05 वर्षों की वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टों (एपीएआर) की विधिवत सत्यापित छायाप्रतियां संलग्न हैं।

iv. इनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है।

दिनांक: ______________________

हस्ताक्षर:____________________
(मुहर के साथ)

नाम: ______________________

पदनाम: __________________

विभाग: __________________

संगठन: _________________

**आवेदक की ओर से वचन पत्र**

मैं, ..............................................................................., श्री/श्रीमती .................................................................... का पुत्र/पुत्री/पत्नी एतद्द्वारा वचन देता/देती हूँ कि मैंने विज्ञापन में दर्शाए गए नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया है, और महानिदेशक, एससीएल के पद पर नियुक्ति के लिए चयन होने पर मैं संबंधित पदग्रहण करने के लिए तैयार हूँ।

**स्थान:**

**..............................................**
**आवेदक के हस्ताक्षर**

**दिनांक:**

**नाम:**